# कांग्रेस नेताओं ने सड़क और शिक्षकों की मांग को लेकर एसडीएम से की मुलाकात




**जनसुनवाई में ग्रामीण की मुख्य तीन मांगो को लेकर जिला कलेक्टर के नाम पत्र सौंपे**

**मठ और रावत पलासिया से खमकी बारुल की नई सड़क निर्माण एवं ओखला से आक्या सड़क के डामरीकरण की मांग**

बड़वाह – ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण शर्मा के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता नकुल पटेल,रवि जैन मंगलवार को जनसुनवाई में ग्रामीण क्षेत्र की सड़क निर्माण और स्कूलों में स्थाई शिक्षकों की नियुक्ति की मांग लेकर स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों से रूबरू हुए । उल्लेखनीय है कि बीते शुक्रवार ब्लॉक कांग्रेस संगठन के तत्वाधान में रावत पलासिया से खमकी बारुल रास्ते पर ग्रामीणों किसानों और स्कूली बच्चों के साथ पदयात्रा आंदोलन किया था ।इस दौरान रास्ते की नदी पर प्रदर्शन कर मौके पर आए तहसीलदार सुंदरलाल ठाकुर को समस्या से अवगत कराया था।

हालाकी जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के कारण लंबे समय से परेशान ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान हेतु विपक्ष के प्रयासों को और अधिक आगे बढ़ाते हुए मंगलवार को ब्लॉक कांग्रेस श्री शर्मा ने कांग्रेस के विधानसभा और लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी रहे वरिष्ठ नेता नरेंद्र पटेल की ओर से जिला कलेक्टर के नाम पर तीन मांगो का पत्र जनसुनवाई में प्रस्तुत किए।समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीरता दिखाते हुए एसडीएम सत्यनारायण दर्रा ने मठ पलासिया से रावत पलासिया होकर खमकी बारुल तक कि सड़क निर्माण हेतु प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग के सहायक प्रबन्धक एस.पी. चौरसिया से दूरभाष पर चर्चा की। लेकिन विभाग द्वारा तकनीकी दिक्कतों का हवाला देने पर पी.डब्ल्यू.डी. विभाग से उक्त सड़क और पुल पुलियाओं निर्माण कि स्वीकृति के लिए नए कलेक्टर कि पदस्थगी के पश्चात प्राथमिकता से इसके समाधान का आश्वासन दिया गया। कांग्रेस नेताओं ने ओखला से आक्या की जीर्ण शीर्ण मार्ग की सड़क के डामरीकरण की मांग की।

### शासकीय विद्यालयों में नवीन सत्र आरंभ, शिक्षक का अभाव

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री शर्मा ने सड़क निर्माण के साथ ही शासकीय विद्यालयों में नवीन सत्र आरंभ होने के बावजूद अधिकांश स्कूलों में शिक्षक का अभाव होना बताया। सत्र समाप्ति के साथ अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था भी समाप्त हो गई है। शासकीय स्कूलों में विद्यार्थी आ रहे है किंतु न तो अतिथि शिक्षक है,और न ही स्थाई शिक्षकों की नियुक्ति है। ऐसे में शिक्षा कार्य प्रभावित हो रहा है। शुक्रवार को पदयात्र के दौरान रावत पलासिया के प्राथमिक ओर माध्यमिक विद्यालयों में भी शिक्षकों की भारी कमी पीरियड नहीं लगने के शिकायत सामने आई। उस बारे में भी एसडीएम महोदय से कांग्रेस संगठन द्वारा लिखित शिकायत और मांग पत्र सौंपा गया।

### प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में अतिरिक्त शिक्षक भेजने के निर्देश -

एसडीएम ने इस मामले को भी संज्ञान में लेकर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी और बीआरसी से मोबाइल पर चर्चा की। क्षेत्र कि सभी स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों और विद्यार्थी विहीन स्कूलों के शिक्षकों की पदस्थी की तुरंत समीक्षा कर रिपोर्ट सौंपने और रावत पलासिया के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में अतिरिक्त शिक्षक भेजने के निर्देश देते हुए, कहा कि जिला कलेक्टर के माध्यम से अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने के लिए शासन को पत्र भेजेंगे। एसडीएम महोदय ने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को क्षेत्र में भ्रमण के निर्देश दिए, और शिक्षकों की कमी की समस्या को समाधान के लिए शिक्षा विभाग से स्थानीय प्रशासन की निगरानी में कार्य करवाने का विपक्ष नेताओं को आश्वासन दिया। मंगलवार को जनसुनवाई में सड़क और शिक्षा की महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान के लिए सौपे गए तीन पत्रों पर एसडीएम सत्यनारायण दर्रा ने प्रभावी तरीके से एक्शन लिए। ग्राम पलासिया वाली सड़क के निर्माण और आक्या सड़क डामरीकरण की दोनों मांगों को बहुत वाजिब मानते हुए एसडीएम महोदय ने नवागत जिला कलेक्टर के माध्यम से पी.एम. ग्रामीण सड़क या पीडब्ल्यूडी से स्वीकृति और निर्माण निश्चय रूप से कराया जाने की बात कही। शासकीय मंजूरी और निर्माण में थोड़ा समय लगने के कारण स्थानीय क्षेत्रीय ग्राम पंचायत के माध्यम से इन रास्तों को दूरस्थ करवाने के निर्देश देंगे। ताकि वर्षाकाल के भी आवागमन चालू रहे।

## कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में सहकारिता विभाग की बैठक का किया गया आयोजन

आलीराजपुर। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में जिला सहकारिता विकास समिति (डीसीडीसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहकार से समृद्धि योजना के तहत सहकारिता क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में गत बैठक की कार्यवाही का अनुमोदन किया गया।

कलेक्टर श्रीमती माथुर ने बी-पैक्स सहकारी संस्थाओं में गोदाम सह कार्यालय भवन निर्माण के लिए जिले की चयनित 5 संस्थाओं के प्रस्ताव आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं, मध्यप्रदेश भोपाल को भेजने तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 में निर्माण के लिए बजट आवंटन की मांग करने के निर्देश दिए। जिले में सहकारिता का विस्तार करने के लिए कलेक्टर ने 3 नवीन मत्स्य सहकारी संस्थाओं के गठन एवं पंजीयन की कार्रवाई शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले की कार्यशील दुग्ध सहकारी समितियों के खाते सहकारी बैंक में खोलने तथा उनके सदस्यों के बचत खाते भी सहकारी बैंक में खोलकर लेन-देन एवं भुगतान बैंक के माध्यम से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने सहकारिता विभाग के सदस्यता अभियान में जिले के प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## अवैध शराब परिवहन के विरुद्ध झाबुआ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# 60.3 बल्क लीटर अंग्रेजी शराब एवं कार सहित कुल 6.89 लाख का मशरूका जब्त

राणापुर गुरु महेश जैन। पुलिस अधीक्षक झाबुआ देवेन्द्र पाटीदार के निर्देशन में जिले में अवैध गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध सतत अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह मोहबिया एवं एसडीओपी झाबुआ कमलेश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना राणापुर पुलिस द्वारा अवैध शराब के परिवहन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त कार जब्त की गई।

थाना प्रभारी राणापुर निरीक्षक दिनेश रावत के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि गिट्टी खदान के पास छापरी रोड की ओर से एक होंडा सिटी कार क्रमांक लघु-06-7355 में अवैध अंग्रेजी शराब का परिवहन किया जा रहा है।

सूचना पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर उक्त वाहन को रोका। तलाशी लेने पर वाहन से रॉयल स्टैग कंपनी की अंग्रेजी शराब की 07 पेटियां, कुल 60.3 बल्क लीटर शराब बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत 89,110 है।

वाहन चालक साहिल पिता फरीद शेख, उम्र 26 वर्ष, निवासी दातार रोड, जूनागढ़ (गुजरात) को मौके से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से बरामद शराब के साथ परिवहन में प्रयुक्त होंडा सिटी

कार (कीमत लगभग 6,00,000) सहित कुल 6,89,110 मूल्य का मशरूका विधिवत जब्त किया गया। इस संबंध में थाना राणापुर में अपराध क्रमांक 364/2026 अंतर्गत धारा 34(2), 36 आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण।

पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। गिरफ्तार आरोपी का नाम साहिल पिता फरीद शेख, उम्र 26 वर्ष, निवासी दातार रोड, जूनागढ़ (गुजरात) जप्त मशरूका रॉयल स्टैग कंपनी की अंग्रेजी शराब की 07 पेटियां (कुल 60.3 पुलिस पाना बल्क लीटर, अनुमानित कीमत 89,110। होंडा सिटी कार क्रमांक अनुमानित कीमत 6,00,000। कुल जब्त मशरूका मूल्य 6,89,110। सराहनीय योगदान उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी राणापुर निरीक्षक दिनेश रावत, उपनिरीक्षक राहुल भिडे, प्रधान आरक्षक जितेन्द्र (क्र) 92), प्रधान आरक्षक विजय (क्र 33). प्रधान आरक्षक राजेन्द्र (क्र. 471). आरक्षक दिनेश भयड़िया (क्र. 607) एवं आरक्षक शिवा (क्र. 671) का सराहनीय योगदान रहा।

## दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए जिले में 13 जुलाई से 18 जुलाई तक शुरू हुआ 'दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान' का तीसरा चरण

आलीराजपुर। उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ खरत द्वारा जानकारी दी गई कि जिले में 'दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान' का तीसरा चरण प्रारंभ किया गया है। अभियान का उद्देश्य पशुपालकों से प्रत्यक्ष संपर्क स्थापित कर उन्हें दूध उत्पादन में वृद्धि, पशुपोषण, पशु स्वास्थ्य एवं नस्ल सुधार से संबंधित व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना है।

इस अभियान के अंतर्गत विभागीय अमले द्वारा घर-घर जाकर 3 से 4 गौवंशीय एवं भैंसवंशीय पशु रखने वाले जिले के कुल 9093 पशुपालकों से संपर्क किया जाएगा। अभियान में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, पशु चिकित्सक, मैत्री-गोसेवक एवं विभागीय अमला सहभागिता करेगा।

इस दौरान पशुपालकों को नस्ल सुधार, कृत्रिम गर्भाधान, सेक्स सॉर्टेड सीमन, संतुलित पशु आहार, खनिज मिश्रण, टीकाकरण, कृमिनाशक एवं पशु रोग प्रबंधन के संबंध में जानकारी दी जाएगी। साथ ही पशुपालकों को विभागीय व्हाट्सएप चैनल से जोड़कर उन्नत पशुपालन संबंधी वीडियो साझा किए जाएंगे तथा पशुपोषण से संबंधित गौरस एप की जानकारी देकर उसे इंस्टॉल कराया जाएगा।

# झाबुआ में अब गैस वितरण वाहनों में गूंजेगा सुरक्षा का संदेश, प्रशासन की अनूठी पहल

**जागरूकता गीत भाई ...आया रे गैस सिलेंडर... अनिवार्य रूप से बजाया जाएगा**

झाबुआ। एलपीजी.गैस के सुरक्षित उपयोग को जन-जन तक पहुँचाने और संभावित हादसों पर लगाम लगाने के लिए झाबुआ जिला प्रशासन ने एक अनूठा और रचनात्मक कदम उठाया है। अब जिले में गैस सिलेंडर पहुँचाने वाले वाहनों में सुरक्षा संबंधी जागरूकता गीत भाई आया रे गैस सिलेंडर अनिवार्य रूप से बजाया जाएगा।

### जागरूकता का 'संगीतमय' जरिया

कलेक्टर कार्यालय खाद्य विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, जिले में सक्रिय सभी पेट्रोलियम कंपनियों इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और निजी गैस वितरकों को अपने वाहनों में यह विशेष गीत प्रसारित करने के आदेश दिए गए हैं। ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन द्वारा तैयार किया गया यह गीत उपभोक्ताओं को न केवल मनोरंजन प्रदान करेगा, बल्कि उन्हें गैस उपयोग से जुड़ी सुरक्षा सावधानियों के प्रति शिक्षित भी करेगा।

### गीत में क्या खास होगा.?

यह जागरूकता अभियान सरल और प्रभावी तरीके से आम उपभोक्ताओं को जागरूक करेगा, जिसमें मुख्य रूप से इन बिंदुओं पर जोर दिया गया है।

**सिलेंडर की जांच-** डिलीवरी लेते समय सिलेंडर की सील और वजन की विधिवत जांच कैसे करें।

**सुरक्षित उपयोग-**रसोई में गैस सिलेंडर का इस्तेमाल करते समय किन-किन सावधानियों का पालन करें।

**दुर्घटना से बचाव-** सुरक्षा मानकों को अपनाकर संभावित गैस रिसाव या अन्य हादसों को कैसे रोका जाए।

उद्देश्य केवल आपूर्ति करना नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं को सुरक्षा के प्रति सतर्क प्रशासन सख्त, कंपनियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश जिला आपूर्ति अधिकारी ने सभी पेट्रोलियम कंपनियों के सेल्स ऑफिसर को इस आदेश का तत्काल प्रभाव से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस कार्य की प्रगति रिपोर्ट भी जिला कार्यालय को देनी होगी।

इस महत्वपूर्ण पहल की सूचना खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय भोपाल को भी भेज दी गई है। जिला प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य केवल आपूर्ति करना नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं को सुरक्षा के प्रति सतर्क नागरिक बनाना है।

उम्मीद है कि संगीत के माध्यम से मिल रही यह सीख, जिले में गैस से जुड़ी दुर्घटनाओं को रोकने में मील का पत्थर साबित होगी।

## अधिकारियों को छात्रावासों के नियमित निरीक्षण करने के दिए निर्देश

### कलेक्टर की अध्यक्षता में टीएल बैठक संपन्न

आलीराजपुर। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, ई-केवाईसी, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, संबल 2.0 सहित विभिन्न योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक एवं समय-सीमा में निराकरण कर ए-ग्रेड प्राप्त करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नॉन-अटेंडेंट शिकायतें रखने वाले संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। ई-केवाईसी की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के तहत अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों का पंजीयन सुनिश्चित करे।

बैठक में संबल 2.0 योजना की समीक्षा करते हुए प्रगति बढ़ाने तथा समय-सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों के जवाब शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। साथ ही सभी जनपद सीईओ और नगरीय निकायों के सीएमओ को आदि सेवा केंद्रों की मैपिंग संबंधी प्रविष्टि पोर्टल पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्रीमती माथुर ने छात्रावासों की व्यवस्थाओं और समस्याओं की नियमित निगरानी को दृष्टिगत रखते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को जारी ड्यूटी आदेश के अनुसार आवंटित छात्रावासों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान छात्रावासों में उपलब्ध व्यवस्थाओं और समस्याओं की गंभीरता से निगरानी की जाए तथा आवश्यक सुधार सुनिश्चित किए जाएं।

# प्रसिद्ध उद्योगपति, वरिष्ठ भाजपा नेता विनोद भंडारी को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**विकास पुरुष के रूप में ख्याति प्राप्त श्री भंडारी को बने जिला स्तरीय समिति के सदस्य**

**नगरवासियों को विकास की आस, मिल रही बधाई**

पेटलावद।। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, जिला झाबुआ द्वारा जिला स्तरीय विभिन्न समितियों का पुनर्गठन करते हुए 9 सदस्यों का मनोनयन किया गया है। कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिला स्तरीय कार्यकारिणी समिति, जिला स्तरीय समिति एवं निगरानी समिति तथा जिला शहरी विकास अभिकरण (डूडा) की शहरी निकाय समिति में तीन-तीन सदस्यों को नामित किया गया है।

### विनोद भंडारी को मिली बड़ी जिम्मेदारी

जारी आदेश के अनुसार जिला प्रबंध (कार्यकारिणी) समिति में नगर परिषद पेटलावद के पूर्व अध्यक्ष ,वरिष्ठ भाजपा नेता ओर प्रसिद्ध व्यापारी श्री विनोद भंडारी एवं झाबुआ नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष श्री पर्वत मकवाना एवं श्री मुकेश नागरिया को सदस्य बनाया गया है।



### निगरानी समिति में इनका हुआ मनोनयन

जिला स्तरीय समिति एवं निगरानी समिति में श्री पवन वसुनिया, श्री जगदीश जाटव एवं श्रीमती शांति वसुनिया का मनोनयन किया गया है।

इसी प्रकार जिला शहरी विकास अभिकरण (डूडा) की शहरी निकाय समिति में श्री भंवर (बिट्टू) सिंगार, श्री सुनील पनवा एवं श्रीमती आरती सिसोदिया को सदस्य नामित किया गया है।

यह आदेश कलेक्टर डॉ. योगेश मुकाती के हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

### नगरीय क्षेत्र में विकास को मिलेगी मजबूती

समितियों के गठन से जिला स्तर पर नगरीय विकास एवं विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और निगरानी को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद है।

### मिल रही बधाई

नगर विकास के कार्यों में अपने कार्यकाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले श्री भंडारी के इस मनोनयन से नगरवासियों को फिर से नगर में विकास कार्यों की आस बड़ी हे। व्ही नगरवासियों, जनप्रतिनिधियों, व्यापारी संगठनों, पत्रकार संघों, अभिभाषक संघ, सामाजिक,धार्मिक संघटनो ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया हे।

## 15 से 30 जुलाई तक चलेगा 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान

आलीराजपुर। समाज में नशे के उन्मूलन और नशे की लत के विरुद्ध व्यापक जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेशभर में नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान चलाया जाएगा। यह विशेष नशामुक्ति जनजागृति अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक आयोजित होगा। अभियान में पुलिस विभाग के साथ विभिन्न विभाग सक्रिय सहभागिता करते हुए आमजन, युवाओं और विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करेंगे। 卐नशे से दूरी है जरूरी 2.0卐 अभियान का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक नशामुक्ति का संदेश पहुंचाना, नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सामूहिक सहभागिता से स्वस्थ और नशामुक्त समाज के निर्माण की दिशा में प्रभावी प्रयास करना है।

# मानसून की बेरुखी से खरीफ फसलों पर गहराया संकट, किसान चिंतित

झाबुआ। झाबुआ जिले के पेटलावद क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से मानसून की थमी चाल ने किसानों की नींद उड़ा दी है। 8 जुलाई के बाद से क्षेत्र में बारिश पूरी तरह नदारद है, जिससे खरीफ फसलों, विशेषकर सोयाबीन पर गंभीर संकट के बादल मंडराने लगे हैं।



### 6 दिन से बूंद-बूंद को तरसा इलाका

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार 8 जुलाई को अंतिम बार 44.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी।

इसके बाद 9 जुलाई से 14 जुलाई तक लगातार छह दिनों से वर्षा का आंकड़ा शून्य बना हुआ है। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 182.0 मिमी पर ही स्थिर है, जिससे खरीफ सीजन की शुरुआत के बाद आई नमी अब सूखने लगी है।

### सोयाबीन की फसल पर सबसे अधिक मार

तेज धूप और बढ़ती गर्मी के कारण फसलों की स्थिति नाजुक होती जा रही है। 14 जुलाई को अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जानकारों का कहना है कि सोयाबीन की फसल को इस समय कोपलें फूटने के लिए पर्याप्त नमी की सख्त जरूरत है।

पानी न मिलने के कारण पौधों की वृद्धि रुक गई है और कई स्थानों पर पत्तियों के मुरझाने की समस्या भी सामने आ रही है। यदि आने वाले दिनों में मानसून फिर से सक्रिय नहीं हुआ, तो उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना तय है।

### पारंपरिक तरीकों से नमी बचाने की जद्दोजहद

खेतों में नमी बनाए रखने के लिए किसान इस समय निंदाई-गुड़ाई और डोरा चलाने जैसे पारंपरिक तरीके अपना रहे हैं ताकि मिट्टी की नमी को बचाए रखा जा सके।

### इंद्रदेव को मनाने के लिए ग्रामीणों ने शुरू की उज्जयिनी

जहां एक ओर किसान फसलों को बचाने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर प्रकृति के आगे नतमस्तक होकर लोग धार्मिक उपाय भी कर रहे हैं। अच्छी बारिश की कामना के लिए ग्रामीण अंचलों में पारंपरिक उज्जयिनी का दौर शुरू हो गया है।

इसकी शुरुआत बामनिया कस्बे से हुई, जहां पंचायत की मुनादी के बाद पूरा कस्बा स्वतः स्फूर्त बंद रहा। बामनिया और आसपास के गांवों के लोग खेतों में पहुंचकर सामूहिक रूप से भोजन बना रहे हैं और इंद्रदेव से अच्छी वर्षा के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।